Postal Reg. No.GDP -45/2017-2019

अल्लाह तआला का आदेश

قُلِ اللّٰهُمَّ مٰلِكَ الْمُلْكِ تُؤْتِي الْمُلْكَ مَنْ تَشَآءُ وَتَنْزِعُ الْمُلْكَ مِمَّنْ تَشَآءُ وَتُعِزُّ مَنْ تَشَآءُ وَتُذِلُّ مَنْ تَشَآءُ بِيَدِكَ الْخَيْرُ ۝

(सूरत आले-इम्रान आयत :27)

अनुवाद: तू कह दे हे मेरे अल्लाह! सलतनत के मालिक! जू जिसे चाहे शासन प्रदान करे और जिस से चाहे छीन लेता है। और तू जिसे चाहे सम्मान प्रदान करता है और जिसे चाहे अपमानित कर देता है। भलाई तेरे ही हाथ में है

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ نَحْمَدُهٗ وَنُصَلِّيْ عَلٰى رَسُوْلِهِ الْكَرِيْمِ وَعَلٰى عَبْدِهِ الْمَسِيْحِ الْمَوْعُوْدِ

وَلَقَدْ نَصَرَكُمُ اللّٰهُ بِبَدْرٍ وَّاَنْتُمْ اَذِلَّةٌ

वर्ष 4

साप्ताहिक क़ादियान

बदर

Weekly BADAR Qadian HINDI

अंक 17

संपादक शेख़ मुजाहिद अहमद

मूल्य 500 रुपए वार्षिक

19 शअबान 1440 हिजरी कमरी 25 शहादत 1397 हिजरी शमसी 25 अप्रैल 2019 ई.

अख़बार-ए-अहमदिया

रूहानी ख़लीफ़ा इमाम जमाअत अहमदिया हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद साहिब ख़लीफ़तुल मसीह ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल;ल अज़ीज सकुशल हैं। अलहम्दोलिल्लाह। अल्लाह तआला हुज़ूर को सेहत तथा सलामती से रखे तथा प्रत्येक क्षण अपना फ़जल नाज़िल करे। आमीन

तक़्वा वालों के लिए यह शर्त थी कि वह ग़ुर्बत और मिस्कीनी में अपनी ज़िन्दगी बसर करे। यह एक तक़्वा की शाख़ है जिसके द्वारा हमें नाजायज़ ग़ज़ब का मुक़ाबला करना है। बड़े बड़े आरिफ़ और सिद्दीक़ों के लिए आख़िरी और कड़ी मंज़िल ग़ज़ब से ही बचना है। मैं नहीं चाहता कि मेरी जमाअत वाले आपस में एक दूसरे को छोटा या बड़ा समझें या एक दूसरे पर अहंकार करें या हीन दृष्टि से देखें। ख़ुदा जानता है कि बड़ा कौन है या छोटा कौन है।

उपदेश सय्यदना हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम

इस्लामी पर्दा

आजकल पर्दा पर हमले किए जाते हैं लेकिन ये लोग जानते नहीं कि इस्लामी पर्दा से अभिप्राय क़ैद नहीं बल्कि एक किस्म की रोक है कि ग़ैर मर्द और औरत एक दूसरे को ना देख सके। जब पर्दा होगा ,ठोकर से बचेंगे। एक मुंसिफ़ मिज़ाज कह सकता है कि ऐसे लोगों में जहां ग़ैर मर्द औरत इकट्ठे बिना झिझक के और बिना रोक के मिल सकें ,सैरें करें,क्योंकर जज़बात नफ़्स से विविश हो ठोकर ना खाएँगे। कई बार सुनने देखने में आया है कि ऐसी कौमें ग़ैर मर्द , औरत को एक मकान में अकेले रहने को हालाँकि दरवाज़ा भी बंद हो , कोई बुराई नहीं समझतीं। यह मानो तहज़ीब है। इन ही बुरे नतीजों को रोकने के लिए इस्लाम की शरीयत ने वे बातें करने ही की इजाज़त ना दी जो किसी की ठोकर का कारण हों। ऐसे मौक़ा में यह कह दिया कि जहां इस तरह दो ग़ैर मुहर्रम मर्द तथा औरत जमा हूँ तीसरा उनमें शैतान होता है। इन नापाक नतीजों पर ग़ौर करो जो यूरोप इस ख़ली उर्रसन(गली सड़ी) शिक्षा से भुगत रहा है। कई जगह बिलकुल शर्म योग्य तवायफों की ज़िन्दगी बसर की जा रही है। यह उन्हीं शिक्षाओं का नतीजा है। अगर किसी चीज़ को ख़ियानत से बचाना चाहते हो तो हिफ़ाज़त करो। लेकिन अगर हिफ़ाज़त ना करो और यह समझ रखो कि अच्छे लोग हैं ,तो याद रखो कि ज़रूर वह चीज़ तबाह होगी। इस्लामी शिक्षा क्या पाक शिक्षा है कि जिसने मर्द तथा औरत को अलग रखकर ठोकर से बचाया और इन्सान की ज़िन्दगी हराम और कठिन नहीं की जिससे यूरोप ने आए दिन की आपसी लड़ाइयां और ख़ुदकुशियाँ देखीं। कई शरीफ़ औरतों का वेश्याओं जैसा ज़िंदगी बसर करना एक व्यवहारिक नतीजा इस इजाज़त का है जो ग़ैर औरत को देखने के लिए दी गई।

इन्सानी शक्तियों का उचित और जायज़ प्रयोग

अल्लाह तआला ने जितनी शक्तियां प्रदान फ़रमाईं वे नष्ट करने के लिए नहीं दी गईं उनकी उचित और जायज़ प्रयोग करना ही उनकी बढ़ोतरी है। इसी लिए इस्लाम ने पुरुषत्व या आँख के निकालने की शिक्षा नहीं दी बल्कि उनका जायज़ इस्तिमाल और नफ़्स की पवित्रता कराई। जैसे फ़रमाया : قَدْ اَفْلَحَ الْمُؤْمِنُوْنَ(अलमोमेनून:2) और ऐसे यहां भी कहा। मुत्तक़ी की ज़िंदगी का नक़्शा खींच कर आख़िर में बतौर नतीजा यह फरमाया وَاُولٰٓئِكَ هُمُ الْمُفْلِحُوْنَ (अलबक़र :6)अर्थात वे लोग जो तक़्वा पर क़दम मारते हैं। ईमान बिलग़ैब (परोक्ष) लाते हैं। नमाज़ डगमगाती है। फिर उसे खड़ा करते हैं। ख़ुदा के दिए से देते हैं। बावजूद नफ़्स के खत्रों के बिना सोचे ,पिछले और मौजूदा किताब-उल्लाह पर ईमान लाते हैं और आख़िर में वे यक़ीन तक पहुंच जाते हैं। यही वे लोग हैं जो हिदायत के सर पर हैं। वे एक ऐसी सड़क पर हैं जो बराबर आगे को जा रही है और जिससे आदमी फ़लाह तक पहुंचता है। अत: यही लोग सफल हैं जो मंज़िल मक़्सूद तक पहुंच जाएंगे और राह के ख़तरों से नजात पा चुके हैं ,इसलिए शुरू में ही अल्लाह तआला ने हम को तक़्वा की शिक्षा करके एक ऐसी किताब हमको प्रदान की जिसमें तक़्वा के वसीयतें भी दीं।

अत: हमारी जमाअत यह ग़म सारे दुनयावी ग़मों से बढ़कर अपनी जान पर लगाऐं कि उनमें तक़्वा है या नहीं।

अपनी ज़िन्दगी ग़ुर्बत और मिस्कीनी में व्यतीत करो।

तक़्वा वालों के लिए यह शर्त थी कि वह ग़ुर्बत और मिस्कीनी में अपनी ज़िन्दगी बसर करे। यह एक तक़्वा की शाख़ है जिसके द्वारा हमें नाजायज़ ग़ज़ब का मुक़ाबला करना है। बड़े बड़े आरिफ़ और सिद्दीक़ों के लिए आख़िरी और कड़ी मंज़िल ग़ज़ब से ही बचना है। अंहकार तथा गर्व ग़ज़ब से पैदा होता है और ऐसा ही कभी ख़ुद ग़ज़ब अहंकार तथा गर्व का नतीजा होता है ,क्योंकि ग़ज़ब उस वक़्त होगा जब इन्सान अपने नफ़्स को दूसरे पर प्राथिमकता देता है। मैं नहीं चाहता कि मेरी जमाअत वाले आपस में एक दूसरे को छोटा या बड़ा समझें या एक दूसरे पर अहंकार करें या हीन दृष्टि से देखें। ख़ुदा जानता है कि बड़ा कौन है या छोटा कौन है। यह एक किस्म का अपमान है और जिसके अंदर हीनता है ,डर है कि यह हीनता बीज की तरह बढ़े और इस की हलाकत का कारण हो जाए। कई आदमी बड़ों को मिलकर बड़े अदब से पेश आते हैं। लेकिन बड़ा वह है जो मिस्कीन की बात को मिस्कीनी से सुने, उस की दिलजोई करे, उस की बात की इज़्ज़त करे , कोई चिढ़ की बात मुँह पर ना लाए कि जिससे दुख पहुंचे। ख़ुदा तआला फरमाता है وَلَا تَنَابَزُوْا بِالْاَلْقَابِ بِئْسَ الِاسْمُ الْفُسُوْقُ بَعْدَ الْاِيْمَانِ وَمَنْ لَّمْ يَتُبْ فَاُولٰٓئِكَ هُمُ الظّٰلِمُوْنَ(-सूरह अल्हुजरात 12)तुम एक दूसरे के चिढ़ के नाम ना डालो। यह कर्म फुस्साक़ तथा फुज्जार का है। जो आदमी किसी को चिढ़ाता है ,वे ना मरेगा जब तक वे ख़ुद इसी तरह पीड़ित ना होगा। अपने भाईयों को तुच्छ ना समझो। जब एक ही स्रोत से सारे पानी पीते हो ,तो कौन जानता है कि किस की क़िस्मत में ज़्यादा पानी पीना है। सम्मान्नीय तथा इज़्ज़त वाला कोई दुनियावी उसूलों से नहीं हो सकता। ख़ुदा ताला के नज़दीक बड़ा वह है जो मुत्तक़ी है। اِنَّ اَكْرَمَكُمْ عِنْدَ اللّٰهِ اَتْقٰىكُمْ اِنَّ اللّٰهَ عَلِيْمٌ خَبِيْرٌ(सूरह अल्हुजरात :14)

ज़ातों का इमतियाज़

ये जो विभिन्न ज़ातें हैं ये कोई शराफ़त का कारण नहीं। ख़ुदा तआला ने केवल पहचानने के लिए ये ज़ातें बनाईं और आजकल तो केवल चार नस्लों के बाद हक़ीक़ी पता लगाना ही मुश्किल है। मुत्तक़ी की शान नहीं कि ज़ातों के झगड़े में पड़े,जब अल्लाह तआला ने फ़ैसला कर दिया कि मेरे नज़दीक ज़ात कोई सनद नहीं। हक़ीक़ी सम्मान और अज़मत का कारण केवल तक़्वा है।

(मल्फ़ूज़ात जिल्द 1, पृष्ठ 29 से 31, प्रकाशन 2018 ई कादियान)

☆ ☆ ☆

जमील अहमद नासिर प्रिंटर एवं पब्लिशर ने फ़ज़्ल-ए-उमर प्रिंटिंग प्रेस क़ादियान में छपवा कर दफ़्तर अख़बार बदर से प्रकाशित किया। प्रौपराइटर - निगरान बदर बोर्ड क़ादियान

सय्यदना हज़रत अमीरुल मोमिनीन ख़लीफतुल मसीह अल्ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्ररेहिल अज़ीज़ की डेनमार्क और सवीडन का सफर, सितम्बर 2018 ई (भाग-7)

लतोवा, इस्टोनिया, सलोयेनिन, कज़ाकिस्तान, कोसोवो के वफ़द की हुज़ूर अनवर से मुलाकात।

* जलसा सालाना जर्मनी 2018 ई में शामिल होने वाले मेहमानों की ईमान वर्धक प्रतिक्रियाएं

(रिपोर्टः अब्दुल माजिद ताहिर, एडिशनल वकीलुत्तबशीर लंदन)

(अनुवादकः शेख मुजाहिद अहमद शास्त्री)

जलसा सालाना में शामिल होने वाले कुछ मेहमानों की प्रतिक्रियाएं

एक छात्र Jokubas Cepartis कहते हैं जलसा सालाना में शिरकत करके मुझे लग रहा है कि मैं इस जमाअत का हिस्सा हूँ। अब मुझे ज़िन्दगी का मक़सद समझ आया है। मुझे हुज़ूर से मिलकर बहुत ख़ुशी हुई है। मैं हुज़ूर की शख़्सियत से बहुत प्रभावित हुआ हूँ । हुज़ूर निहायत ही शफ़ीक़ और मुहब्बत करने वाले हैं। उनसे बात करके मुझे महसूस हुआ है कि दिल की गहिराइयों से वह मुझ से मुहब्बत करते हैं। इस्लाम की हक़ीक़त को मैंने पा लिया है और आज बैअत करके जमाअत अहमिदया में दाख़िल होता हूँ। मैं अक्सर समय शंकाओं में पीड़ित रहता था लेकिन अब अपने ईमान में मज़बूती पैदा करके बाक़ी ज़िन्दगी गुज़ारने की कोशिश करूँगा।

लतोवा से एक मैडीकल के स्टूडैंट बिंजामन करीम साहिब अपने विचारों को प्रकट करते हुए कहते हैं कि जलसा सालाना जर्मनी में शामिल होना मेरे लिए बड़े सम्मान की बात है। मुझे ऐसे महसूस हुआ कि यह जलसा इन सारे लोगों का इज्तिमा है जो कि मज़बूत ईमान और सन्तुष्ट रूहों के मालिक और भाईचारे वाले अमन वाले लोग हैं। मेरे लिए यह बात हैरत का कारण थी कि किस तरह हर कोई ध्यान के साथ तक़ारीर सुनने और अपने काम में मग्न था। हुज़ूर अनवर को देखना और सुनना भी मेरे लिए सम्मान था कि किस तरह उन्होंने जर्मनी में मुहाजिरीन के मामले और इस्लाम के बारे में लोगों के दिलों में पाए जाने वाले ख़ौफ़ के बारे में भी बात की। यह जान कर बहुत ख़ुशी हुई कि जमाअत अहमिदया दुनिया में अमन का प्रचार कर रही है और जर्मन समाज में दोस्ताना पड़ोसी और ख़िदमत पर ज़ोर दे रही है। मुझे यह भी हैरत हुई कि किस तरह लोग मेरी तरफ़ आ रहे थे और जानना चाहते थे कि मेरी भावनाए तथा एहसास क्या हैं। फ़लाही इदारे , बुक स्टोर, टीवी सैटेलाइट , खाना पीना और वहां के बाज़ार , हर चीज़ ने मुझे बहुत प्रभावित किया। यह पाकिस्तानी सभ्यता को जर्मनी में लाने की एक अच्छी कोशिश थी। सामूहिक तौर पर मुझे इस्लाम अहमदियत और पाकिस्तानी सभ्यता को जानने में काफ़ी मदद मिली।

लतोवा में एक ग़ैर अहमदी पाकिस्तानी मुहम्मद जुनैद सलीमी साहिब मास्टर्ज़ की शिक्षा हासिल कर रहे हैं। यह भी जलसा पर शामिल हुए और अपने प्रतिक्रियाओं को प्रकट करते हुए कहा मैं पिछले महीने ही स्टडी वीज़ा पर पाकिस्तान से लतोया आया हूँ। मुझे भी जलसा में शामिल होने की दावत दी गई जो कि शंका के बाद मैंने क़बूल कर ली। जब मैं जलसा गाह पहुंचा तो वहां इंतिज़ामीया को देखकर में बहुत हैरान हुआ क्योंकि वहां बहुत ज़्यादा लोग थे। इंतिज़ामीया बड़ी ख़ूबसूरती और समझदारी से सबको सँभाल रही थी जलसा गाह में बहुत सारे लोग थे जिनमें काफ़ी सारे विभिन्न देशों से सम्बन्ध रखने वाले ग़ैर मुस्लिम मेहमान थे और उन सबको इस लिए दावत दी गई थी ताकि वह इस्लाम धर्म को आकर ख़ुद देखें। मैंने इतना प्यार , मुहब्बत , इज़्ज़त , सम्मान और मेहमान-नवाज़ी कभी अपनी पूरी ज़िन्दगी में कहीं नहीं देखी जितनी मैंने वहां देखी और मुझे यह देखकर बहुत अच्छा लगा कि इस से सारी ग़ैर मुस्लिमों पर बहुत अच्छा असर पड़ेगा और वह इस्लाम धर्म की तरफ़ आने की ज़रूर कोशिश करेंगे। मैं चूँकि अहमदी नहीं हूँ इसलिए मेरे दिल में भी कुछ ग़लत-फ़हमियाँ थीं जो हर दूसरे फ़िर्क़े वाले मुसलमानों के दिल में होती हैं। वहां जब मैंने तक़ारीर सुनीं और वहां पर लिखे हुए वाक्य देखे और नमाज़ भी पढ़ी तो मुझे कोई फ़र्क़ नहीं लगा। यही सब कुछ हम भी करते हैं और यही सब कुछ अहमदी भी कर रहे हैं। उनका कलिमा भी वही है , नमाज़ भी वही और क़ुरआन भी वही। सबसे ज़्यादा काबिल ग़ौर बात ख़त्मे नबुव्वत थी जिस पर मैं अब सोचने पर मजबूर हो गया हूँ कि ग़ौर तथा फिक्र करूँ कि क्या मैं अपने फ़िर्क़े को सच्चा कहूं या अहमदी फ़िर्क़े को। सब से बड़ा लाभ मुझे जलसा पर आने का यही हुआ है कि मैंने अहमदी लोगों में बैठ कर सब कुछ ख़ुद अपनी आँखों से देखा और अपने कानों से सुना है और अब में अपने तौर पर अच्छी तरह देखूँगा कि इस्लाम असल में किया है और ख़त्म नबुव्वत क्या है? मुझे हुज़ूर की तक़रीर बहुत पसंद आई , विशेषकर आख़िरी दिन वाली। जलसा ख़त्म होने के अगले दिन मैंने उन से मुलाक़ात भी की। और मुझे उनसे मिलकर बहुत अच्छा लगा। वह बहुत ही ख़ूबसूरत शख़्सियत के मालिक हैं। ये चार दिन मेरी ज़िन्दगी के बहुत ही अच्छे दिन थे। बाक़ी सारे मुसलमान सिर्फ बातें करते हैं और नफ़रतें फैलाते हैं लेकिन यहां मैंने सिर्फ मुहब्बत इज़्ज़त और सम्मान देखा है। मेरे साथ कुछ ग़ैर मुस्लिम दोस्त भी थे वे मुसलमानों के इस व्यवहार से , इस इज़्ज़त तथा सम्मान सै जो अहमिदया जमाअत ने उनको दिया बहुत ज़्यादा प्रभावित थे। प्रबन्धकीय टीम चाहे वे कोई भी थी, हर किसी ने बहुत प्यार, मुहब्बत , इज़्ज़त तथा सम्मान से बात की और गाइड किया और इतने बड़े जलसा को इतनी ख़ूबसूरती से मैनिज किया। मेहमानों के निवास से लेकर खाने पीने और ट्रांसपोर्ट के प्रबन्ध और इस के इलावा भी हर ज़रूरी प्रबन्ध देखकर में जमाअत अहमिदया से बहुत प्रभावित हुआ हूँ और दिल की गहराई से शुक्रिया अदा करता हूँ।

लतोवा से एक मैडीकल के स्टूडैंट बिंजामन करीम साहिब अपने विचारों को प्रकट करते हुए कहते हैं कि जलसा सालाना जर्मनी में शामिल होना मेरे लिए बड़े सम्मान की बात है। मुझे ऐसे महसूस हुआ कि यह जलसा इन सारे लोगों का इज्तिमा है जो कि मज़बूत ईमान और सन्तुष्ट रूहों के मालिक और भाईचारे वाले अमन वाले लोग हैं। मेरे लिए यह बात हैरत का कारण थी कि किस तरह हर कोई ध्यान के साथ तक़ारीर सुनने और अपने काम में मग्न था। हुज़ूर अनवर को देखना और सुनना भी मेरे लिए सम्मान था कि किस तरह उन्होंने जर्मनी में मुहाजिरीन के मामले और इस्लाम के बारे में लोगों के दिलों में पाए जाने वाले ख़ौफ़ के बारे में भी बात की। यह जान कर बहुत ख़ुशी हुई कि जमाअत अहमिदया दुनिया में अमन का प्रचार कर रही है और जर्मन समाज में दोस्ताना पड़ोसी और ख़िदमत पर ज़ोर दे रही है। मुझे यह भी हैरत हुई कि किस तरह लोग मेरी तरफ़ आ रहे थे और जानना चाहते थे कि मेरी भावनाए तथा एहसास क्या हैं। फ़लाही इदारे , बुक स्टोर, टीवी सैटेलाइट , खाना पीना और वहां के बाज़ार , हर चीज़ ने मुझे बहुत प्रभावित किया। यह पाकिस्तानी सभ्यता को जर्मनी में लाने की एक अच्छी कोशिश थी। सामूहिक तौर पर मुझे इस्लाम अहमदियत और पाकिस्तानी सभ्यता को जानने में काफ़ी मदद मिली।

लतोवा में एक ग़ैर अहमदी पाकिस्तानी मुहम्मद जुनैद सलीमी साहिब मास्टर्ज़ की शिक्षा हासिल कर रहे हैं। यह भी जलसा पर शामिल हुए और अपने प्रतिक्रियाओं को प्रकट करते हुए कहा मैं पिछले महीने ही स्टडी वीज़ा पर पाकिस्तान से लतोया आया हूँ। मुझे भी जलसा में शामिल होने की दावत दी गई जो कि शंका के बाद मैंने क़बूल कर ली। जब मैं जलसा गाह पहुंचा तो वहां इंतिज़ामीया को देखकर में बहुत हैरान हुआ क्योंकि वहां बहुत ज़्यादा लोग थे। इंतिज़ामीया बड़ी ख़ूबसूरती और समझदारी से सबको सँभाल रही थी जलसा गाह में बहुत सारे लोग थे जिनमें काफ़ी सारे विभिन्न देशों से सम्बन्ध रखने वाले ग़ैर मुस्लिम मेहमान थे और उन सबको इस लिए दावत दी गई थी ताकि वह इस्लाम धर्म को आकर ख़ुद देखें। मैंने इतना प्यार , मुहब्बत , इज़्ज़त , सम्मान और मेहमान-नवाज़ी कभी अपनी पूरी ज़िंदगी में कहीं नहीं देखी जितनी मैंने वहां देखी और मुझे यह देखकर बहुत अच्छा लगा कि इस से सारी ग़ैर मुस्लिमों पर बहुत अच्छा असर पड़ेगा और वह इस्लाम धर्म की तरफ़ आने की ज़रूर कोशिश करेंगे। मैं चूँकि अहमदी नहीं हूँ इसलिए मेरे दिल में भी कुछ ग़लत-फ़हमियाँ थीं जो हर दूसरे फ़िर्क़े वाले मुसलमानों के दिल में होती हैं। वहां जब मैंने तक़ारीर सुनीं और वहां पर लिखे हुए वाक्य देखे और नमाज़ भी पढ़ी तो मुझे कोई फ़र्क़ नहीं लगा। यही सब कुछ हम भी करते हैं और यही सब कुछ अहमदी भी

शेष पृष्ठ 8 पर

ख़ुत्बः जुमअः

वक़्त था वक़्त-ए-मसीहा ना किसी और का वक़्त
मैं ना आता तो कोई और ही आया होता

हज़रत मसीह मौऊद अलैहि अलैहिस्सलाम फ़रमाया करते थे कि अगर मेरा कोई दावा क़ुरआन के अनुसार ना हो तो मैं उसे रद्दी की टोकरी में फेंक दूं।

अच्छा तो फिर जिधर क़ुरआन है उधर ही में भी हूँ

हज़रत अक़्दस मसीह मौऊद अलैहिस्सालम और हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ी अल्लाह अन्हो के शब्दों में ज़माने की हालत , मसीह मौऊद के ज़हूर की ज़रूरत, आप के ज़हूर के ज़माना की विशेषताएं, आप की बिअसत की जगह, आप की मामूरियत की गवाहियां इसी तरह सच्चाई मालूम करने के बारे में मार्गदर्शन के लिए हज़रत अक़्दस अलैहिस्सलाम के वर्णन किए गए तरीक़ा का ईमान वर्धक बयान।

ख़िलाफ़त के वफ़ादार, नेक और वफ़ा शिआर बुज़ुर्गान मौलाना ख़ुरशीद अहमद अनवर साहिब (वकीलुल माल तहरीक जदीद अंजुमन अहमदिया कादियान), आदरणीय ताहिर हुसैन मुंशी साहिब (नायब अमीर जमाअत अहमदिया फिजी) और माली के मुख़लिस बाशिंदे आदरणीय मूसा सिसको साहिब की वफ़ात पर उनका ज़िक्रे ख़ैर और नमाज़े जनाज़ा ग़ायब

ख़ुत्बः जुमअः सय्यदना अमीरुल मो'मिनीन हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद ख़लीफ़तुल मसीह पंचम अय्यदहुल्लाहो तआला बिनस्त्रिहिल अज़ीज़, दिनांक 22 मार्च 2019 ई. स्थान - मस्जिद बैतुलफ़ुतूह, मोर्डन लंदन, यू.के.

أَشْهَدُ أَنْ لَّا إِلٰهَ إِلَّا اللّٰهُ وَحْدَهُ لَا شَرِيكَ لَهُ وَأَشْهَدُ أَنَّ مُحَمَّدًا عَبْدُهُ وَرَسُولُهُ۔ أَمَّا بَعْدُ فَأَعُوْذُ بِاللّٰهِ مِنَ الشَّيْطٰنِ الرَّجِيْمِ۔ بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ۔ اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ رَبِّ الْعَالَمِيْنَ۔ اَلرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۔ مٰلِكِ يَوْمِ الدِّيْنِ ۔اِيَّاكَ نَعْبُدُ وَ اِيَّاكَ نَسْتَعِيْنُ۔ اِهْدِنَا الصِّرَاطَ الْمُسْتَقِيْمَ۔ صِرَاطَ الَّذِيْنَ اَنْعَمْتَ عَلَيْهِمْ ۔ غَيْرِ الْمَغْضُوْبِ عَلَيْهِمْ وَلَا الضَّآلِّيْنَ

कल 23 मार्च है और यह दिन जमाअत में यौम मसीह मौऊद अलैहिस्सालम के हवाले से याद रखा जाता है। इस तारीख़ को आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की पेशगोई के अनुसार जिस मसीह तथा महदी ने आख़िरी ज़माना में आकर इस्लाम की वास्तविक शिक्षा को दुनिया को बताना था और फैलाना था और मुसलमानों को एक हाथ पर जमा करना था बल्कि समस्त धर्मों के मानने वालों को आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की ग़ुलामी में लाना था उस का ऐलान हुआ। अर्थात हज़रत मिर्ज़ा ग़ुलाम अहमद क़ादियानी अलैहिस्सलाम ने यह ऐलान किया कि मैं ही वह मसीह मौऊद और महदी माहूद हूँ जिसकी ख़बर आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने दी थी और इस तरह आप ने अपनी बैअत का आरम्भ फ़रमाया। इस वक़्त में हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सालम के ही कुछ प्रस्तुत करूँगा जिन में आपने मसीह मौऊद के आने की ज़रूरत, ज़माना की हालत और अपने दावा के बारे में और जो विभिन्न निशाना इस से जुड़े थे उनके बारे में बताया है। आप अपने एक शेअर में फ़रमाते हैं कि

वक़्त था वक़्त-ए-मसीहा ना किसी और का वक़्त
मैं ना आता तो कोई और ही आया होता

(दुर्रे समीन पृष्ठ 160)

अत: ज़माना की हालत मांग कर रही थी थी कि कोई आए जो इस्लाम की डोलती नांव को सँभाले लेकिन बद-क़िस्मती से मुसलमान उल्मा की अक्सरीयत ने जो पहले इस इंतज़ार में थे कि कोई मसीह आए और बड़ी शिद्दत से यह इंतज़ार कर रहे थे लेकिन आप के दावे के बाद अधिकतर ने विरोध किया और साधारण मुस्लमानों को झूठी कहानियां सुना कर, झूठी बातें आप की तरफ़ वर्णन कर के आप के ख़िलाफ़ और आप की जमाअत के ख़िलाफ़ इस क़दर भड़काया कि क़त्ल के फ़तवे दिए जाने लगे। बल्कि आज तक अहमदियों पर कुछ मुल्कों और जगहों पर ज़ुल्म तथा अत्याचार दिखाते हुए क़त्ल की ऐसी भयानक मिसालें क़ायम की जा रही हैं या की गईं और ये सब कुछ इस्लाम के नाम पर किया गया जिनका इस्लाम की हक़ीक़त जानने वाले कभी सोच भी नहीं सकते और कभी उनसे ऐसी हरकतें अमल में आ ही नहीं सकतीं। बहरहाल हम देखते हैं कि हज़रत मसीह मौऊद अलैहि अलैहिस्सलाम ने हालात और मसीह मौऊद के आ जाने के बारे में किस तरह विभिन्न उपदेश फ़रमाए हैं।

इस बात को वर्णन फ़रमाते हुए कि क्यों मसीह मौऊद के आने की ज़रूरत है और मसीह को इस ज़माना से क्या विशेषता है? आप ने यह नहीं फ़रमाया कि बहरहाल मैंने ही आना था। ज़माना मांग कर रहा था कि कोई आए। आप फ़रमाते हैं कि

"क़ुरआन शरीफ़ ने इस्राईली और इस्माईली दो सिलसिलों में ख़िलाफ़त की समानता का खुला खुला इशारा किया है जैसे इस आयत से है।

وَعَدَ اللّٰهُ الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا مِنْكُمْ وَ عَمِلُوا الصّٰلِحٰتِ لَيَسْتَخْلِفَنَّهُمْ فِي الْاَرْضِ كَمَا اسْتَخْلَفَ الَّذِيْنَ مِنْ قَبْلِهِمْ

(सूरत अन्नूर 56)आप फ़रमाते हैं कि इस्राईली सिलसिला का आख़री ख़लीफ़ा जो चौदहवीं सदी पर हज़रत मूसा अलैहिस्सालम के बाद आया वह मसीह नासरी अलैहिस्सलाम था। मुक़ाबला में ज़रूर था कि इस उम्मत का मसीह भी चौदहवीं सदी के सर पर आए। अहले कशफ़ वाले के अतिरिक्त (जिन को अल्लाह तआला से ख़ास ताल्लुक़ था, कशफ़ वाले थे उन्होंने, बहुत सारे पुराने बुज़ुर्गों ने) इसी सदी को मसीह के प्रादुर्भव का ज़माना क़रार दिया (है)। फ़रमाते हैं कि जैसे हज़रत शाह वली उल्लाह साहिब इत्यादि अहले हदीस का इत्तिफ़ाक़ हो चुका है कि अलामात सुग़रा कुल और अलामात कुबरा एक हद तक पूरी हो चुकी हैं। (अर्थात बड़ी और छोटी निशानियां जो मसीह के आने की थीं वे पूरी हो चुकी हैं।) आप फ़रमाते हैं कि लेकिन इस में किसी क़दर उनकी ग़लती है। (निशानियां जो भी थीं) अलामात कुल पूरी हो चुकी हैं। (ये नहीं कि कुछ हद तक बल्कि मसीह के आने की जो निशानियां थीं वे पूरी हो चुकी हैं। फ़रमाते हैं कि) बड़ी निशानियां या निशान जो आने वाले का है वह बुख़ारी शरीफ़ में يَكْسِرُ الصَّلِيْبَ وَيَقْتُلُ الْخِنْزِيْر लिखा है अर्थात नुज़ूल मसीह का समय इसाइयों के प्रभुत्व और सलीब की उपासना का ज़ोर है। अत: क्या यह वह वक़्त नहीं? क्या जो कुछ पादरीयों से नुक़्सान इस्लाम को पहुंच चुका है इस का उदाहरण आदम से लेकर आज तक कहीं है? हर मुल्क में मतभेद पड़ गया। कोई ऐसा ख़ानदान इस्लाम का नहीं कि जिसमें से एक-आध आदमी उनके हाथ में ना चला गया हो। अत: आने वाले का वक़्त सलीब परस्ती का ग़लबा है। अब इस से ज़्यादा क्या ग़लबा होगा कि किस तरह दरिन्दों की तरह इस्लाम पर द्वेष से हमले किए गए। (यह शब्द ही उस की वज़ाहत कर देते हैं जो इल्ज़ाम लगाया जाता है कि आप अंग्रेज़ों का ख़ुद लगाया हुआ पौधा हैं। अत: उनसे यह साबित हो जाता है कि क्या आप अंग्रेज़ों का ख़ुद लगाया हुआ पौधा हैं या इस्लाम के प्रतिरक्षा के लिए और इस की विजय साबित करने के लिए मैदान में अल्लाह तआला की तरफ़ से उतारे गए हैं। बहरहाल) आप फ़रमाते हैं कि क्या कोई गिरोह मुख़ालफ़ीन का है कि जिसने हज़रत रसूल अक़रम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को निहायत वहशियाना शब्दों और गालियों से याद नहीं किया? अब अगर आने वाले का यह वक़्त नहीं तो बहुत जल्दी वह आया भी तो सौ साल तक आएगा क्योंकि वह (मसीह मौऊद) वक़्त का मुजद्दिद है जिसकी बिअसत का ज़माना सदी का सिर होता है। तो क्या इस्लाम में मौजूदा वक़्त में इस क़दर और ताक़त है कि एक सदी तक पादरियों के दिन प्रतिदिन ग़लबा का मुक़ाबला कर सके। ग़लबा हद तक पहुंच गया और आने वाला आ गया। हाँ अब वह दज्जाल को इत्माम हुज्जत से हलाक करेगा क्योंकि हदीसों में

आ चुका है कि उस के हाथ पर मिल्लतों की हलाकत मुक़द्दर है ना लोगों की या अहल मिलल की तो वैसा ही पूरा हुआ।

(मल्फ़ूज़ात जिल्द 1 पृष्ठ 47-48)

अर्थात मसीह मुहम्मदी ने जो आना था तो उसने दलीलों और तर्कों से सारे दूसरे धर्मों पर इस्लामी शिक्षाओं की बरतरी साबित करनी थी और इस्लामी शिक्षा को हर मज़हब पर अपनी बरतरी मनवाने के लिए प्रस्तुत करना था। हज़ारों ग़ैर मुस्लिम जो हर साल जमाअत अहमदिया में शामिल होते हैं वे आप के दिए हुए दलीलों और तर्कों की वजह से ही होते हैं।

फिर ज़माना की हालत और मसीह मौऊद की ज़रूरत के बारे में इरशाद फ़रमाते हैं कि

"अगर ज़मीन क़ाबिल नहीं होती तो बारिश का कुछ भी फ़ायदा नहीं पहुंचता बल्कि उल्टा हानि और नुक़्सान होता है। (अगर कोई ज़मीन अच्छी ना हो, बंजर ज़मीन हो, सख़्त ज़मीन हो तो नुक़्सान ही होता है।) इसी लिए आसमानी नूर उतरा है और वह दिलों को रोशन करना चाहता है। इस के क़बूल करने और इस से फ़ायदा उठाने को तैयार हो जाओ (अर्थात अपनी ज़मीनों को, दिलों की ज़मीन को इसयोग्य बनाओ) ताकि ऐसा ना हो कि बारिश की तरह कि जो ज़मीन योग्यता के जोहर नहीं रखती वह इस को नष्ट कर देती है। (पानी का इस पर कोई फ़ायदा नहीं होता।) तुम भी बावजूद नूर की मौजूदगी के अन्धेरे में चलो और ठोकर खा कर अंधे कुएं में गिर कर हलाक हो जाओ। (यह ना हो कि कहीं तुम्हारा यही हाल हो जाए कि अन्धे को बावजूद रोशनी मिलने के अंधे कुँवें में गिर कर हलाक हो जाओ।) फ़रमाते हैं कि अल्लाह तआला मेहरबान माता से भी बढ़कर मेहरबान है। वह नहीं चाहता कि इस की मख़लूक़ नष्ट हो। वह हिदायत और रोशनी की राहें तुम पर खोलता है मगर तुम उन पर क़दम मारने के लिए अक़्ल और नफ़सों की पवित्रता से काम लो। जैसे ज़मीन कि जब तक हल चला कर तैयार नहीं की जाती बीज इस में नहीं बोया जाता। इसी तरह जब तक मुजाहिदा और रियाज़त से नफ़सों को पवित्र नहीं किया जाता पवित्र अक़्ल आसमान से उतर नहीं सकती। इस ज़माना में ख़ुदा तआला ने बड़ा फ़ज़ल किया और अपने धर्म और हज़रत नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के समर्थन में ग़ैरत खाकर एक इन्सान को जो तुम में बोल रहा है भेजा ताकि वह इस रोशनी की तरफ़ लोगों को बुलाए। अगर ज़माना में ऐसा फ़साद और फ़ित्ना ना होता और धर्म के समाप्त करने के लिए जिस किस्म की कोशिशें हो रही हैं ना होतीं तो कुछ हर्ज ना था। (कोई फ़र्क़ नहीं पड़ता था।) लेकिन अब तुम देखते हो कि हर तरफ़ यमीन तथा यसार इस्लाम ही को समाप्त करने की फ़िक्र में (हैं। दाएं बाएं से हमले हो रहे हैं।) समस्त क़ौमें लगी हुई हैं। (सारी कौमें इसी कोशिश में हैं, इसी फ़िक्र में हैं। आज तक किसी ना किसी तरीक़े से यही हाल है।) फ़रमाते हैं कि मुझे याद है और बराहीन अहमदिया में भी मैंने ज़िक्र किया है कि इस्लाम के ख़िलाफ़ छः करोड़ किताबें लिख कर प्रकाशित की गई हैं। (आप के ज़माना की बात है आज से सवा सौ साल पहले बल्कि डेढ़ सौ साल पहले।) फ़रमाते हैं कि अजीब बात है कि हिन्दुस्तान के मुसलमानों की संख्या भी छः करोड़ और इस्लाम के ख़िलाफ़ किताबों की संख्या भी इतनी है। (उस वक़्त मुसलमानों की संख्या छः करोड़ थी। अब तो लगभग पचास साठ करोड़ है बल्कि इस से ज़्यादा)। फ़रमाया कि अगर इस ज़्यादती संख्या को जो अब तक इन पुस्तकों में हुई है छोड़ भी दिया जाए (अर्थात कि इस के इलावा भी अगर कोई हैं) तो भी हमारे मुख़ालिफ़ एक एक किताब हर एक मुसलमान के हाथ में दे चुके हैं। (जितनी मुसलमानों की संख्या इतनी किताबें लिखी गई हैं। और अब तो विभिन्न माध्यमों से, मीडिया से, सोशल मीडिया से, इंटरनैट से, विभिन्न माध्यमों से ये काम इस से भी बढ़ चुका है। नए नए तरीक़े धारण कर लिए गए हैं। आप फ़रमाते हैं कि मुख़ालिफ़ एक एक किताब हिन्दुस्तान के हर मुसलमान के हाथ में दे चुके हैं)। फ़रमाया कि अगर अल्लाह तआला का जोश ग़ैरत में ना होता और إِنَّا لَهُ لَحَافِظُوْنَ उस का सच्चा वादा ना होता तो यक़ीनन समझ लो कि इस्लाम आज दुनिया से उठ जाता और इस का नाम तथा निशान तक मिट जाता। मगर नहीं, ऐसा नहीं हो सकता। ख़ुदा तआला का छुपा हुआ हाथ उस की हिफ़ाज़त कर रहा है। मुझे अफ़सोस और दुःख इस बात का होता है कि लोग मुसलमान कहला कर नाते ब्याह के बराबर भी तो इस्लाम का फ़िक्र नहीं करते। (इतनी फ़िक्र भी नहीं जितनी शादी ब्याह के लिए फ़िक्र होती है) और मुझे अक्सर पढ़ने का संयोग हुआ है कि ईसाई औरतें तक मरते वक़्त लाखों रुपया ईसाई धर्म के प्रकाशन और प्रसार के लिए वसीयत कर जाती हैं। (इस ज़माना में ईसाइयों का मदद की तरफ़ रुजहान था तो उनकी औरतें भी क़ुर्बानियां क्या करती थीं) और उनका अपनी ज़िन्दगियों को ईसाइयत के प्रसार में खर्च करना तो हम हर-रोज़ देखते हैं। (इस ज़माना का आप फिर नक़्शा खींचते हैं कि) हज़ारों लेडीज़ मिशनरी घरों और कूचों में फुर्ती (ईसाई औरतें तब्लीग़ कुर्ती फुर्ती हैं) और जिस तरह बन पड़े नक़द ईमान छीनती फिरती हैं। फ़रमाया कि मुसलमानों में से किसी एक को नहीं देखा कि वह पचास रुपया भी इस्लाम के प्रसार लिए वसीयत कर के मरा हो। हाँ शादियों और दुनियावी रस्मों पर तो बेहद खर्च होते हैं (और ये खर्च तो आजकल भी हैं। इस्लाम की ख़िदमत के लिए जो थोड़ा बहुत तथा कथित ख़र्च करते भी हैं, उनके भी जो दुनियावी ख़र्च हैं इन खर्चों की कोई तुलना ही नहीं है) फ़रमाया और क़र्ज़ लेकर भी दिल खोल कर फ़ुज़ूल ख़र्चीयाँ की जाती हैं मगर ख़र्च करने के नहीं तो सिर्फ इस्लाम के लिए नहीं। अफ़सोस! अफ़सोस!! इस से बढ़कर और मुसलमानों की हालत रहम योग्य क्या होगी?

(मलफ़ूज़ात जिल्द 1पृष्ठ72 ता 74)

मुसलमानों की अधिकतर का आज भी यही हाल है। यद्यपि कि कुछ बेहतरी कुछ जगहों पर पैदा हुई है लेकिन वह भी जैसा कि मैंने कहा कि दुनियावी इच्छाओं को पूरा करने के लिए जितना ख़र्च किया जाता है धर्म के लिए उस का दसवां हिस्सा भी नहीं है। यह उस वक़्त के हालात थे जब हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने दावा किया। अब अगर मुसलमानों के एक हिस्सा को मज़हब की तरफ़ ध्यान पैदा भी हुआ है जैसा कि मैंने कहा तो सिर्फ इस हद तक है कि इस्लाम पर क़ायम रहना है। चलो इस हद तक बेहतरी आई है कि ठीक है बहुत सारे लोग हैं जो इस्लाम पर क़ायम रहना चाहते हैं। कुछ हद तक मस्जिदें भी उन्होंने अपनी आबाद की हैं। लेकिन इस्लाम की शिक्षा को फैलाने के लिए कोई कोशिश नहीं है और अगर कोई तथा कथित कोशिश है तो वो शिद्दत पसंदी की है कि हम ने ज़बरदस्ती इस्लाम को फैलाना है। इस तरह विभिन्न गिरोह बन चुके हैं या मसीह मौऊद की और इस की जमाअत की विरोध के लिए कोशिश हो रही है। अतः हमेशा यह याद रखना चाहिए कि अब अगर इस्लाम दुनिया में फैलना है तो अल्लाह तआला के भेजे हुए इस मामूर के माध्यम ही फैलना है। यह अल्लाह तआला की तक़दीर है।

आने वाले मसीह मौऊद के लिए अल्लाह तआला और इस के रसूल ने कुछ निशानियां भी बताई थीं। यह नहीं कि वह आने वाला बग़ैर किसी निशानी के दावा कर देगा। अतः इस बात को वर्णन फ़रमाते हुए आप फ़रमाते हैं कि

"आने वाले का एक यह निशान भी है कि इस ज़माना में माह रमज़ान में चांद ग्रहण लगेगा और सूरज ग्रहण लगेगा। अल्लाह तआला के निशान से ठट्ठा करने वाले ख़ुदा से ठट्ठा करते हैं। चांद सूरज ग्रहण का उस के दावा के बाद होना यह एक इस तरह की बात अमर थी जो झूठ और बनावट से दूर है (इस को इफ़्तिरा नहीं कह सकते। इत्तफ़ाक़ भी नहीं कह सकते। धोखा भी नहीं कह सकते।) फ़रमाया कि इस से पहले कोई चांद सूरज ग्रहण ऐसा नहीं हुआ। यह एक ऐसा निशान था कि जिससे अल्लाह तआला को सारी दुनिया में आने वाले की मुनादी करनी थी। अतः अरब वालों ने भी इस निशान को देखकर अपने मज़ाक़ के अनुसार दरुस्त कहा। हमारे इश्तिहारात बतौर मुनादी जहां-जहां ना पहुंच सकते थे वहां वहां इस चांद सूरज ग्रहण ने आने वाले के वक़्त की मुनादी कर दी। यह ख़ुदा का निशान था जो इन्सानी मन्सूबों से बिलकुल पाक था। चाहे कोई कैसा ही फ़लसफ़ी हो वे ग़ौर करे और सोचे कि जब निर्धारित निशान पूरा हो गया तो ज़रूर है कि इस का मिस्दाक़ भी कहीं हो। यह बात इस तरह ना थी कि जो किसी हिसाब के अधीन हो जैसे कि फ़रमाया था कि यह उस वक़्त होगा जब कोई मुद्दई महदवयित हो चुकेगा (महदी और मसीह का दावा हो चुका होगा तब यह निशान ज़ाहिर होगा।) फ़रमाते हैं कि रसूले अक़रम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने यह भी फ़रमाया कि आदम अलैहिस्सालम से लेकर इस महदी तक कोई ऐसा घटना नहीं हुई। अगर कोई आदमी तारीख़ से ऐसा साबित करे तो हम मान लेंगे। (मल्फ़ूज़ात जिल्द1 पृष्ठ 48-49)

फिर आप फ़रमाते हैं कि एक और निशान यह भी था कि इस वक़्त सितारा ज़ुस्सीनीन प्रकट होगा। अर्थात उन वर्षों का सितारा जो पहले गुज़र चुके हैं। अर्थात वह सितारा जो मसीह नासरी के दिनों में प्रकट हुआ था। अब वह सितारा भी प्रकट हो गया जिसने यहूदीयों के मसीह की सूचना आसमानी तरीके से दी थी। इसी तरह क़ुरआन शरीफ़ के देखने से भी पता लगता है।

وَ اِذَا الْعِشَارُ عُطِّلَتْ ۝ وَ اِذَا الْوُحُوْشُ حُشِرَتْ ۝ وَ اِذَا الْبِحَارُ سُجِّرَتْ ۝ وَ اِذَا النُّفُوْسُ زُوِّجَتْ ۝ وَ اِذَا الْمَوْءٗدَةُ سُئِلَتْ ۝ بِاَيِّ ذَنْۢبٍ قُتِلَتْ ۝ وَ اِذَا الصُّحُفُ نُشِرَتْ

ये सारी पीशगोइयां क़ुरआन करीम में हैं कि जंगली इकट्ठे किए जाऐंगे। इस की विभिन्न व्याख्याएं हैं। ये भी है कि चिड़ियाघर क़ायम हो गए। ये भी है कि शिक्षा

सुलभ हो के दुनिया में फैल गई। ये भी है कि कुछ स्थानीय लोगों को कुछ क़ौमों ने हमला कर के ख़त्म कर दिया। फिर समुंद्रों के मिलाए जाने का भी है। लोगों के मिलाए जाने का भी है। अब सम्पर्क के आसान तरीक़े हो गए हैं और अब तो एक सैकण्ड में दुनिया में हर जगह सम्पर्क हो जाते हैं। फिर ये है कि औरत जिस पर उस वक़्त जो ज़ुल्म होता था। इस के हुक़ूक़ मारे जाते थे। क़त्ल की जाती थी वह सवाल करेगी कि किस जुर्म में मुझे क़त्ल किया जा रहा है? ग्रन्थ प्रकाशित की जाऐंगे। प्रैस मीडिया है ये सारी चीज़ें साबित करती हैं कि यह ज़माना मसीह मौऊद का ज़माना है और क़ुरआन शरीफ़ में इस की पेशगोईयां मौजूद हैं) आप फ़रमाते हैं अर्थात इस ज़माना में ऊंटनियां बेकार हो जाएंगी। उच्च स्तर की सवारी और सामान ढोने जिनसे पहले ज़माना में हुआ करती थी अर्थात इस ज़माना में सवारी का प्रबन्ध कोई ऐसा उत्तम होगा (अर्थात मसीह के ज़माना में) कि ये सवारियां बेकार हो जाएँगी। इस से रेल का ज़माना मुराद था (और ये भी आप की एक पेशगोई थी तो उस के अनुसार अब तो रेल मदीना और मक्का के बीच भी चल पड़ी है या रेलवे लाईन बिछा दी गई है।) फ़रमाते हैं कि वे लोग जो ख़्याल करते हैं कि इन आयतों का सम्बन्ध क़यामत से है वे नहीं सोचते कि क़यामत में ऊंटनियां गर्भवती कैसे रह सकती हैं क्योंकि इशार से अभिप्राय गर्भवति ऊंटनियां हैं। फिर लिखा है कि इस ज़माना में चारों तरफ़ नहरें निकाली जाएँगी और किताबें बहुत अधिक प्रकाशित होंगी। अत: ये सब निशान इसी ज़माना के बारे में थे। (मल्फ़ूज़ात जिल्द 1 पृष्ठ 49-50)

फिर आप और दलील देते हुए फ़रमाते हैं कि मसीह मौऊद ने कहाँ मबऊस होना था? अब रहा मकान के बारे में। अत: याद रहे कि दज्जाल का निकलना पूर्व में बताया गया है जिससे हमारा देश अभिप्राय है। अत: हुजज अलकिरामा के लेखक ने लिखा है कि फ़ितना दज्जाल का प्रकट होना हिन्दुस्तान में हो रहा है और यह ज़ाहिर है कि मसीह का प्रकटन भी उसी जगह हो जहां दज्जाल हो। फिर उस गांव का नाम कदा क़रार दिया है जो कादियान का संक्षिप्त है। यह संभव है कि यमन के इलाक़ा में भी इस नाम का कोई गांव हो। आप फ़रमाते हैं कि संभव है कि यमन के इलाक़ा में भी इस नाम का कोई गांव हो। कहा जाता है लेकिन यह याद रहे कि यमन हिजाज़ से पूर्व में नहीं बल्कि दक्षिण में है।

फ़रमाया कि ..... इस के इलावा ख़ुद अल्लाह तआला ने इस विनीत का नाम जो रखवाया है तो वो भी एक सूक्ष्म इशारा इस तरफ़ रखता है क्योंकि ग़ुलाम अहमद क़ादियानी की गिनती जमल के ज्ञान से पूरे तेरह सौ निकलते हैं। (जो हुरूफ़ अबजद के नंबर बनते हैं उस के हिसाब से यह तेरह सौ निकलते हैं) अर्थात इस नाम का इमाम चौदहवीं सदी के आरम्भ पर होगा। अत: आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम का इशारा उसी तरफ़ था। (मल्फ़ूज़ात जिल्द 1 पृष्ठ50)

फिर आप निशानों के बारे में मज़ीद फ़रमाते हैं कि "हवादिस भी एक निशानी थी (विभिन्न किस्म की आफ़तें आयेंगी , हादसे होंगे।) फ़रमाया कि आकाशयी प्रकोपों ने अकाल, ताऊन और हैज़ा की सूरत पकड़ ली। ताऊन वह ख़तरनाक अज़ाब है कि उसने गर्वनमेण्ट तक को ज़लज़ला में डाल दिया (जिस ज़माना में आप वर्णन फ़र्मा रहे हैं उस ज़माना में ये पाँच छ: साल रही और बड़ी ख़ौफ़नाक तबाही फैलाई) और अगर उस का क़दम बढ़ गया तो मुलक साफ़ हो जाएगा (इतनी तेज़ी से फैल रहा था।) फिर फ़रमाते हैं कि धरती की तबाहियां, लड़ाईयां, ज़लज़ल थे जिन्होंने मुल्क को तबाह किया (और ज़मीनी लड़ाईयां तो अभी भी इसी तरह जारी हैं।) अल्लाह तआला के मामूर के लिए यह भी ज़रूर है कि वह अपने सबूत में आसमानी निशान दिखाए। फ़रमाया कि एक लेखराम का निशान क्या कुछ कम निशान था? एक कुश्ती के तौर पर कई साल तक एक शर्त बधी रही। पाँच साल तक बराबर जंग होती रहा। दोनों पक्षों ने इश्तिहार दिए, आम शोहरत हो गई (हर तरफ़ लेखराम की घटना मशहूर हो गया कि हज़रत मसीह मौऊद अलैहि अलैहिस्सलाम से मुक़ाबला हो रहा है)। ऐसी शोहरत कि जिसका उदाहरण भी असम्भव है। फिर ऐसी ही घटना हुई जैसे कि कहा गया था। क्या इस घटना का कोई और उदाहरण है? धर्म महोत्सव के बारे में भी कई दिन पहले ऐलान किया कि हम को अल्लाह तआला ने सूचना दी है कि हमारा मज़मून सब पर ग़ालिब रहेगा। जिन लोगों ने इस महान और रोब वाले जलसा को देखा है वे ख़ुद ग़ौर कर सकते हैं कि ऐसे जलसा में ग़लबा पाने की ख़बर समय से पहले देना कोई अटकल या क़ियास ना था। फिर आख़िर वही हुआ जैसे कहा गया।

(मल्फ़ूज़ात जिल्द 1 पृष्ठ 50 से 51)

आपकी किताब जो इस्लामी उसूल की फ़िलास्फ़ी है यह उस के बारे में था। इस के बारे में इस ज़माना का एक अख़बार जनरल व गोहर आसफी कलकत्ता है। इस का एक वर्णन पढ़ देता हूँ। वह लिखता है कि अगर इस जल्सा में हज़रत मिर्ज़ा साहिब का मज़मून ना होता तो इस्लामियों पर ग़ैर दर्मों वालों के सामने ज़िल्लत- तथा शर्म का टीका लगता। मगर ख़ुदा के ज़बरदस्त हाथ ने मुक़द्दस इस्लाम को गिरने से बचा लिया बल्कि उस को इस मज़मून की बदौलत ऐसी फ़तह नसीब फ़रमाई कि अपने तो अपने मुख़ालिफ़ीन भी सच्ची फ़ितरती जोश से कह उठे कि यह मज़मून सब पर विजयी रहा है। ग़ालिब है।

(तारीख़ अहमदियत जिल्द 1 पृष्ठ 572)

अब यह लिखने वाला कोई अहमदी नहीं बल्कि एक ग़ैर है लेकिन मजबूर हुए और ग़ैरों के भी हवाले दे रहे हैं और इस तरह के बेशुमार अख़बारों ने लिखा।

फिर आप इलाही मामूर होने की गवाहियां प्रस्तुत करते हुए फ़रमाते हैं कि

"अत: इस वक़्त मेरे मामूर होने पर बहुत सारी गवाहियां हैं। प्रथम अंदरूनी गवाही। द्वितीय बाहरी गवाही। तृतीय सदी के सिर पर आने वाले मुजद्दिद के बारे में हदीस सही। चतुर्थ اِنَّا نَحْنُ نَزَّلْنَا الذِّكْرَ وَ اِنَّا لَهٗ لَحٰفِظُوْنَ (सूरह अल्हिजर 10) अब पांचवीं बड़ी गवाही मैं प्रस्तुत करता हूं और वह सूरत नूर में वादा इस्तेख़लाफ है इस में अल्लाह तआला फरमाता है कि

وَعَدَ اللّٰهُ الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا مِنْكُمْ وَ عَمِلُوا الصّٰلِحٰتِ لَيَسْتَخْلِفَنَّهُمْ فِي الْاَرْضِ كَمَا اسْتَخْلَفَ الَّذِيْنَ مِنْ قَبْلِهِمْ

(सूरह नूर 56) इस आयत में वादा इस्तेख़लाफ के अनुसार जो ख़लीफे आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के सिलसिले में होंगे वे पहले ख़लीफों की तरह होंगे। इस तरह कुरआन शरीफ में आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को मूसा का मसील क़रार दिया गया है जैसा फरमाया

اِنَّآ اَرْسَلْنَآ اِلَيْكُمْ رَسُوْلًا ۢ شَاهِدًا عَلَيْكُمْ كَمَآ اَرْسَلْنَآ اِلٰى فِرْعَوْنَ رَسُوْلًا

(सूरह अल्मुज़म्मिल 16) और आप को मूसा का मसील इस्तिस्ना की पेशगोई के अनुसार भी हैं। (बाइबल में पेशगोई है।) अत: इस समानता में जैसे "कमअ" का शब्द फ़रमाया गया है वैसे ही सूरा नूर में "कमअ" का शब्द है। इस से साफ़ मालूम होता है कि मूसवी सिलसिला और मुहम्मदी सिलसिला में समानता और पूर्ण समानता है। मूसवी सिलसिला के खलीफ़ा का सिलसिला हज़रत ईसा अलैहिस्सलाम पर आकर ख़त्म हो गया था और वह हज़रत मूसा अलैहिस्सलाम के बाद चौदहवीं सदी में आए थे। इस समानता के लिहाज़ से कम से कम इतना तो ज़रूरी है कि चौदहवीं सदी में एक ख़लीफ़ा इसी रंग तथा क़ुव्वत का पैदा हो जो मसीह से समानता रखता हो और इस के आचरण और क़दम पर हो। अत: अगर अल्लाह तआला इस बात की और दूसरी गवाहियां और समर्थन ना भी प्रस्तुत करता तो ये सिलसिला समानता का चाहता था कि चौदहवीं सदी में ईसवी बरोज़ आप की उम्मत में हो वर्ना आप की समानता में मआज़ अल्लाह (अल्लाह की पनाह) एक कमी और कमज़ोरी साबित होती लेकिन अल्लाह तआला ने ना सिर्फ इस समानता की तसदीक़ और सहायता फ़रमाई बल्कि यह भी साबित कर दिखाया कि मसील मूसा मूसा से और सारे अंबिया अलैहिम अस्सलाम से अफ़ज़ल है। (अर्थात आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम सारे नबियों से अफ़ज़ल हैं।)

फ़रमाते हैं कि "हज़रत मसीह अलैहिस्सलाम जैसे अपनी कोई शरीयत लेकर ना आए थे बल्कि तौरेत को पूरा करने आए थे। इसी तरह पर मुहम्मदी सिलसिला का मसीह अपनी कोई शरीयत लेकर नहीं आया बल्कि क़ुरआन शरीफ़ के जीवित करने के लिए आया है। (इस को ज़िन्दा करने के लिए आया है। क़ुरआन करीम की शिक्षा फैलाने के लिए आया है) और इस पूर्णता के लिए आया है जो तकमील इशाअत-ए-हिदायत कहलाती है। (मल्फ़ूज़ात जिल्द नंबर 4 पृष्ठ 9-10)

फिर आप इस बारे में और अधिक फ़रमाते हैं कि "तकमील इशाअत हिदायत के बारे में याद रखना चाहिए कि आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम पर जो नेअमत की पूर्णता और धर्म की पूर्णता हुई (थी अर्थात धर्म अपने कमाल को पहुंच गया और नेअमत अपने इंतिहा को पहुंच गई जहां तक पहुंच सकती थी) तो इस की दो सूरतें हैं। प्रथम तकमील हिदायत दूसरी तकमील इशाअत हिदायत। आप फ़रमाते हैं तकमील हिदायत सम्पूर्ण रूप से आप के प्रथम आगमन के अवसर पर हुई (हिदायत की पूर्णता आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की बिअसत से, शरीयत उतरने से हुई) और तकमील इशाअत हिदायत (इस हिदायत की, शरीयत की जो इशाअत होनी है वह) आप के दूसरे आगमन से हुई क्योंकि सूर: जुम्म: में जो आख़रीन मिन्हुम वाली आयत आप के फ़ैज़ और शिक्षा से एक और क़ौम के तैयार करने की हिदायत करती है इस से साफ़ मालूम होता है कि आप की एक बिअसत और है और यह बिअसत बरोज़ी रंग में है। (एक ज़िल्ली है) जो इस वक़्त हो रही

है। अत: यह वक़्त तकमील इशाअत हिदायत का है और यही वजह है कि इशाअत के तमाम ज़रीये और सिलसिले मुकम्मल हो रहे हैं। छापा ख़ानों की कसरत (है। प्रैस बेशुमार है) और आए दिन उनमें नई बातों का पैदा होना (प्रैस में भी ज़्यादा सविधाएं मिल रही हैं। बल्कि जदीद टैक्नोलोजी इस में प्रयोग हो रही है) डाकख़ानों, तारों, रेलों, जहाज़ों का जारी होना और अख़बारों का प्रकाशन, इन सब मामलों ने मिल मिला कर दुनिया को एक शहर के हुक्म में कर दिया है। अत: ये तरक़्क़ियां भी दरअसल आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की ही तरक़्क़ियां हैं क्योंकि इस से आप की कामिल हिदायत के कमाल का दूसरा भाग हिदायत की पूर्णता का प्रकाशन पूरा हो रहा है।

(मल्फ़ूज़ात जिल्द 4 पृष्ठ 9-10)

और फ़रमाते हैं कि अब इन बातों को एक साथ कर के ध्यान पूर्वक देखें कि जो कुछ हम कहते हैं क्या वह इस योग्य है कि सरसरी निगाह से उसे रद्द कर दिया जाए? या यह कि इस पर पूरे ग़ौर और फ़िक्र से काम लिया जाए। जो कुछ हमारा दावा है क्या यह सदी के सिर पर है या नहीं? अगर हम ना आते तब भी हर एक अक़लमंद और ख़ुदा से भय रखने को लाज़िम था कि वह किसी आने वाले की तलाश करता क्योंकि सदी का सिर आ गया था और अब तो जबकि बीस वर्ष गुज़रने को हैं और भी ज़्यादा फ़िक्र की ज़रूरत थी। वर्तमान फ़साद अपनी जगह पुकार पुकार कर कह रहा था कि कोई शख़्स उस के सुधार के लिए आना चाहिए। फ़रमाया कि ईसाइयत ने वह आज़ादी और बे-क़ैदी फैलाई है जिसकी कोई हद ही नहीं है और मुसलमानों के बच्चों पर जो इस का असर हुआ है उसे देखकर कहना पड़ता है कि मुसलमानों के बच्चे ही नहीं हैं।

(मल्फ़ूज़ात जिल्द 4पृष्ठ13-14)

आप फ़रमाते हैं कि हक़ मालूम करने का माध्यम क्या होना चाहिए? किस तरह हक़ मालूम करो? फ़रमाते हैं ख़ुदा तआला से अपनी नमाज़ों में दुआएं मांगें कि वह उन पर हक़ खोल दे और मैं यक़ीन रखता हूँ कि अगर इन्सान द्वेष और ज़िद से पवित्र हो कर हक़ के इज़्हार के लिए ख़ुदा तआला की तरफ़ ध्यान करेगा तो एक चिल्ला ना गुज़रेगा (चालीस दिन नहीं गुज़रेंगे) कि इस पर हक़ खुल जाएगा मगर बहुत ही कम लोग हैं जो इन शर्तों के साथ ख़ुदा तआला से फ़ैसला चाहते हैं और इस तरह पर अपनी कम समझी या ज़िद तथा द्वेष की वजह से ख़ुदा के वली का इन्कार कर के ईमान छिना लेते हैं क्योंकि जब वली पर ईमान ना रहे तो वली जो नबुव्वत के लिए बतौर कील के है उसे फिर नबुव्वत का इनकार करना पड़ता है और नबी के इनकार से ख़ुदा का इनकार होता है और इस तरह पर बिलकुल ईमान छिन जाता है।

(मल्फ़ूज़ात जिल्द 4पृष्ठ16)

हज़रत मसीह मौऊद अलैहि अलैहिस्सलाम के इन कुछ हवालों के बाद अब मैं हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ी अल्लाह तआला अन्हो के विभिन्न हवाले प्रस्तुत करता हूँ जो आप ने हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के बारे में विभिन्न जगहों पर प्रस्तुत फ़रमाए। एक जगह आप फ़रमाते हैं कि

"जब विरोध तरक़्क़ी करता है तो जमाअत को भी तरक़्क़ी हासिल होती है और जब विरोध बढ़ता है तो अल्लाह तआला के चमत्कार पूर्ण समर्थन और सहायताएं भी बढ़ जाती हैं। हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के हवाले से आप वर्णन फ़रमाते हैं कि इसी लिए हज़रत मसीह मौऊद अलैहि अलैहिस्सलाम की ख़िदमत में जब कोई दोस्त यह ज़िक्र करते कि हमारे हाँ बड़ा विरोध है तो आप फ़रमाते यह तुम्हारी तरक़्क़ी की निशानी है। जहां विरोध होती है वहां जमाअत भी बढ़ती है क्योंकि विरोध के नतीजा में कई नावाक़िफ़ लोगों को भी सिलसिला से वाक़फ़ीयत हो जाती है और फिर धीरे धीरे उनके दिल में सिलसिला की किताबें पढ़ने का शौक़ पैदा हो जाता है और जब वे किताबें पढ़ते हैं तो सदाक़त उनके दिलों को मोह लेती है।

फ़रमाते हैं कि हज़रत मसीह मौऊद अलैहि अलैहिस्सलाम की ख़िदमत में एक बार एक दोस्त हाज़िर हुए और उन्होंने आप की बैअत की। बैअत लेने के बाद हज़रत मसीह मौऊद अलैहि अलैहिस्सलाम ने उनसे पूछा कि आपको किस ने तब्लीग़ की थी? वह अपने आप कहने लगे कि मुझे तो मौलवी सना उल्लाह साहिब ने तब्लीग़ की है। (जो हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के बड़े मुख़ालिफ़ थे।) हज़रत मसीह मौऊद अलैहि अलैहिस्सलाम ने हैरत से फ़रमाया वह किस तरह? कहते हैं वह कहने लगे में मौलवी-साहिब का अख़बार और उनकी किताबें पढ़ा करता था और मैं हमेशा देखता कि उनमें जमाअत अहमदिया का बहुत विरोध होता थी। एक दिन मुझे ख़्याल आया कि मैं ख़ुद भी तो इस सिलसिला की किताबें देखूं (इतना विरोध जो हो रहा है तो किताबें देखूं कि हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने लिखा क्या है) कि उनमें क्या लिखा है। और जब मैंने उन किताबों को पढ़ना शुरू किया तो मेरा सीना खुल गया और मैं बैअत के लिए तैयार हो गया। तो विरोध का पहला फ़ायदा यह होता है कि इस से इलाही सिलसिला को तरक़्क़ी हासिल होती है और कई लोगों को हिदायत मिल जाती है।

(तफ़सीर कबीर जिल्द 6 पृष्ठ 487)

हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम की विरोध के हवाले से कि अंबिया किस तरह अपनी विरोध पर रद्द अमल दिखाते हैं। इस बारे में हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ी अल्लाह अन्हो इस तरह वर्णन फ़रमाया करते थे। पहले तो मिस्री हुकूमत की पुराने ज़माना की मिसाल दी है।

आप लिखते हैं कि मिस्री हुकूमत अपने ज़माना में बहुत अधिक प्रसिद्ध हुकूमत थी और इस का बादशाह अपनी ताक़त पर नाज़ रखता था (फ़िरऔन थे वहां के) ऐसे बादशाह के मुक़ाबला में हज़रत मूसा अलैहिस्सलाम की कोई हैसियत ही नहीं थी मगर बावजूद उस के जब वह बादशाह के पास गए तो यद्यपि बादशाह ने उनको डराया धमकाया और उन्हें और उनकी क़ौम को तबाह बर्बाद कर देने का इरादा ज़ाहिर किया और कहा कि अगर तुम रुक न गए तो तुम्हें भी मिटा दिया जाएगा और तुम्हारी क़ौम को भी मगर हज़रत मूसा अलैहिस्सलाम रुके नहीं और उन्होंने कहा कि जो पैग़ाम मुझे ख़ुदा ने दुनिया के लिए दिया है वह मैं ज़रूर पहुंचाऊंगा। दुनिया की कोई ताक़त मुझे इस से रोक नहीं सकती फ़रमाते हैं कि यही हालत हज़रत ईसा अलैहिस्सलाम की थी। यही हाल मुहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम का था और ऐसी ही हालत हमने हज़रत मसीह मौऊद अलैहि अलैहिस्सलाम की देखी। सारी कौमें आप की मुख़ालिफ़ थीं। हुकूमत भी एक रंग में आप की मुख़ालिफ़ ही थी यद्यपि आख़िरी ज़माना में यह रंग नहीं रहा (था। विरोध में कुछ कमी हो गई थी।) बहरहाल कौमें आप की मुख़ालिफ़ थीं। सारे धर्मों के अनुयायी आप के मुख़ालिफ़ थे। मौलवी आप के मुख़ालिफ़ थे। गद्दी नशीन आप के मुख़ालिफ़ थे। अवाम आप के मुख़ालिफ़ थे और उमरा तथा विशेष लोग भी आप के दुश्मन थे। अत: चारों तरफ़ विरोध का एक तूफ़ान बरपा था। लोगों ने आप को बहुत कुछ समझाया कुछ ने दोस्त बन-बन कर कहा कि आप अपने दावों में किसी क़दर कमी कर दें। कुछ ने कहा कि अगर आप अमुक अमुक बात छोड़ दें तो सब लोग आप की जमाअत में शामिल हो जाऐंगे मगर आप ने उन में से किसी की भी परवाह ना की और हमेशा अपने दावा को पेश फ़रमाते रहे। इस पर शोर होता रहा। मारें पड़ती रहीं। क़त्ल होते रहे मगर बावजूद इन सारी तकलीफ़ों के (और ये अब तक जारी हैं) और बावजूद उस के कि आप का मुक़ाबला एक ऐसी दुनिया से था जिसका मुक़ाबला करने की ज़ाहरी सामानों की दृष्टि से आप में हरगिज़ ताक़त ना थी फिर भी आप ने अपने मुक़ाबला को जारी रखा बल्कि मुझे ख़ूब याद है। हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ि लिखते हैं कि मुझे याद है कि मैंने कई बार हज़रत मसीह मौऊद अलैहि अलैहिस्सलाम से सुना कि नबी का उदाहरण तो वैसा ही होता है जैसे लोग कहते हैं कि एक गांव में एक पागल औरत रहती थी जब भी वह बाहर निकलती छोटे छोटे लड़के इकट्ठे हो कर उसे छेड़ने लग जाते। उस के साथ मज़ाक़ करते (उसे तंग करते)... उसे बार-

दुआ का अभिलाषी
जी.एम. मुहम्मद शरीफ़
जमाअत अहमदिया मरकरा (कर्नाटक)



इस्लाम और जमाअत अहमदिया के बारे में किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए संपर्क करें

नूरुल इस्लाम नं. (टोल फ्री सेवा) :
1800 3010 2131
(शुक्रवार को छोड़ कर सभी दिन सुबह 9:00 बजे से रात 11:00 बजे तक)
Web. www.alislam.org, www.ahmadiyyamuslimjamaat.in

बार तंग करते। वह भी मुक़ाबला में इन लड़कों को गालियां देती और बद-दुआएँ देती। आख़िर एक दिन गांव वालों ने आपस में मश्वरा किया कि यह औरत मज़लूम है और हमारे लड़के उसे अत्याचार पूर्वक तंग करते रहते हैं। पीड़ित होने की की हालत में यह उन्हें बद-दुआएँ देती है कहीं ऐसा ना हो उस की बद-दुआएँ कोई रंग लाएं (क़बूल हो जाएं कहीं) हमें चाहिए कि अपने लड़कों को रोक लें ताकि ना वह उसे तंग करें और ना यह बद-दुआएँ दे। अत: इस मश्वरा के बाद उन्होंने फ़ैसला किया कि कल से सब गांव वाले अपने लड़कों को घरों में बंद रखें और उन्हें बाहर ना निकलने दें। अत: दूसरे दिन सब लोगों ने अपने अपने लड़कों से कह दिया कि आज से बाहर नहीं निकलना और अधिक सावधानी के तौर पर उन्होंने बाहर के दरवाज़ों की ज़ंजीरें लगा दें (ताले लगा दिए।) जब दिन चढ़ा और वह पागल औरत आदत के अनुसार अपने घर से निकली तो कुछ समय तक वह इधर उधर गलियों में फिरती रही। कभी एक गली में जाती और कभी दूसरी (गली) में मगर उसे कोई लड़का नज़र ना आया। पहले तो यह हालत हुआ करती थी कि कोई लड़का उस के दामन को घसीट रहा है। कोई उसे चुटकी काट रहा है। कोई उसे धक्का दे रहा है। कोई उस के हाथों के साथ चिमटा हुआ है और कोई इस से मज़ाक़ कर रहा है मगर आज उसे कोई लड़का दिखाई ना दिया। दोपहर तक तो उसने इंतज़ार किया मगर जब देखा कि अब तक भी कोई लड़का अपने घर से नहीं निकला तो वह दुकानों पर गई और हर दुकान पर जा कर कहती कि आज तुम्हारा घर गिर गया है? बच्चे मर गए हैं? आख़िर क्या हुआ किया है कि वह नज़र नहीं आते? थोड़ी देर के बाद जब इस तरह उसने हर दुकान पर जा कर कहना शुरू किया तो लोगों ने कहा गालियां तो इस तरह भी मिलती हैं और इस तरह भी। छोड़ो बच्चों को। उनको क़ैद क्यूँ कर रखा है। आप यह हिकायत वर्णन कर के फ़रमाया करते थे कि अंबिया अलैहिमुस्सलाम का हाल भी अपने रंग में ऐसा ही हुआ करता है। दुनिया उनको छेड़ती है। तंग करती है। इन पर ज़ुल्म तथा सितम ढाती है और इस क़दर ज़ुल्म करती है कि उनके लिए ज़िन्दगी गुज़ारना मुश्किल हो जाता है और एक वर्ग के दिल में यह एहसास पैदा होना शुरू हो जाता है कि लोग ज़ुल्म से काम ले रहे हैं। उन्हें नहीं चाहिए कि ऐसा करें मगर फ़रमाया वह भी दुनिया को नहीं छोड़ सकते। जब दुनिया उनको नहीं सताती तो वह ख़ुद उस को झिंझोड़ते और बेदार करते हैं ताकि दुनिया उनकी तरफ़ ध्यान दे और उनकी बातों को सुने।

(उद्धरित ख़ुतबाते महमूद जिल्द 24 पृष्ठ 272 से 274)

चाहे वह किसी तरह सुने। विरोध में भी फिर अच्छे लोग निकल आते हैं।

आप फ़रमाते हैं कि "मौलवी मुहम्मद हुसैन साहिब बटालवी जो हज़रत मसीह मौऊद अलैहि अलैहिस्सलाम के जवानी के दोस्त और आप से सम्बन्ध रखने वाले थे और जो हमेशा आप के निबन्धों की तारीफ़ किया करते थे उन्होंने इस दावा के शीघ्र बाद, (आप के दावा के शीघ्र बाद) यह ऐलान किया कि मैंने ही इस शख़्स को बढ़ाया था और अब मैं ही उसे तबाह कर दूँगा। उस वक़्त कौन सोच सकता था कि मौलवी मुहम्मद हुसैन बटालवी जैसा सम्माननीय और प्रभाव वाला इन्सान किसी के बारे में यह कहे कि मैं उसे तबाह कर दूँगा और फिर वह तबाह भी ना हो। (वह वास्तव में ऐसे प्रभाव वाले इन्सान थे कि जब कहते थे तो कर भी सकते थे।)

फिर हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के अपने रिश्तेदारों ने भी ऐलान कर दिया बल्कि कइयों ने, (हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के कुछ रिश्तेदारों ने) अख़बारों में यह ऐलान भी छपवा दिया कि इस आदमी ने दुकानदारी चलाई है। इस की तरफ़ किसी को ध्यान नहीं करना चाहिए और इस तरह सारी दुनिया को उन्होंने बदगुमान करने की कोशिश की। फिर आप फ़रमाते हैं कि यह मेरे होश की बात है कि बहुत से काम करने वाले लोगों ने जो ज़मींदार इंतिज़ाम में कम्मी कहलाते हैं आप के घर के कामों से इनकार कर दिया। (जो आप के मुलाज़िम थे उन्होंने भी काम से बिल्कुल इनकार कर दिया) उस के मुहर्रिक वास्तव में हमारे रिश्तेदार ही थे। अत: अपनों और बेगानों ने मिलकर आप को मिटाना और आपको तबाह तथा बर्बाद करना चाहा।

(उद्धरित अलफ़ज़ल 13 नवंबर 1940 ई पृष्ठ 2-3 जिल्द 28 नंबर 258)

लेकिन हुआ क्या! आज आपका नाम दुनिया के 212 देशों में लिया जाता है। यह आप की सदाक़त नहीं तो और किया है?

